# A

**17813** **120 MINUTES**

1. ‘बुंदेली’ किस उपभाषा की बोली है?
   - A) पश्चिमी हिन्दी
   - B) बिहारी
   - C) राजस्थानी
   - D) पहाडी

2. 1958 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा पुरस्कृत हिन्दी नाटक कौन-सा है?
   - A) सिन्दूर की होली
   - B) शारदीया
   - C) आषाढ़ का एक दिन
   - D) तेंदुआ

3. ‘हिन्दी पत्रकारिता दिवस’ किस तारीख को मनाया जाता है?
   - A) अप्रैल 20
   - B) जुलाई 29
   - C) मई 30
   - D) अगस्त 31

4. इनमें प्रकंपित व्यंजन कौन-सा है?
   - A) ल
   - B) र
   - C) च
   - D) य

5. इनमें से कौन-सी उपभाषा का उद्‌भव शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है?
   - A) पश्चिमी हिन्दी
   - B) राजस्थानी
   - C) पूर्वी हिन्दी
   - D) पहाडी

6. इनमें पश्च स्वर कौन-सा है?
   - A) इ
   - B) ए
   - C) अ
   - D) उ

7. विद्यानिवास मिश्र का पहला निबंध संग्रह कौन-सा है?
   - A) छितवन की छांह
   - B) भ्रमरानंद के पत्र
   - C) अस्मिता के लिए
   - D) अंगद की नियति

8. इनमें कौन-सी रचना डॉ. बच्चन सिंह कृत नहीं है?

A) साहित्य का समाजशास्त्र तथा रूपवाद

B) आधुनिक हिन्दी आलोचना के बीज शब्द

C) आधुनिक हिन्दी साहित्य का इतिहास

D) नयी समीक्षा के प्रतिमान

9. विक्टर ह्यूगो के 'लॉ मिज़रेबुल' का 'अभागे का भाग्य' नाम से किसने अनुवाद किया?

A) दुर्गा प्रसाद खत्री

B) गंगाप्रसाद गुप्त

C) जनार्दन प्रसाद झा 'द्विज'

D) महावीर प्रसाद पोद्दार

10. शेक्सपियर के 'टेम्पेस्ट' नाटक के आधार पर लिखी गयी कहानी कौन-सी है?

A) ग्यारह वर्ष का समय

B) इन्दुमती

C) मन की चंचलता

D) प्लेग की चुडैल

11. इनमें कौन-सा निबंध सरदार पूर्णसिंह द्वारा रचित नहीं है?

A) आचरण की सभ्यता

B) सच्ची वीरता

C) मज़दूरी और प्रेम

D) अनुप्रास का अन्वेषण

12. "वन्दनीय वह देश जहाँ के देशी निज अभिमानी हों ।
बांधवता में बँधे परस्पर परता के अज्ञानी हों ।।" -- ये किसकी पंक्तियाँ हैं?

A) भारतेंदु

B) श्रीधर पाठक

C) मैथिली शरण गुप्त

D) माखनलाल चतुर्वेदी

13. 'रामायणसूचनिका' किसकी रचना है?

A) भिखारी दास

B) रसिक गोविंद

C) कुलपति मिश्र

D) कुमारमणि

14. संस्कृत के 'प्रबोध चन्द्रोदय' नाटक का व्रजभाषा में पद्यानुवाद किसने किया?

A) जसवंत सिंह

B) मतिराम

C) पद्माकर

D) कालिदास त्रिवेदी

15. 'छत्र प्रकाश' शीर्षक से महाराज छत्रसाल का जीवन चरित्र दोहों-चौपाइयों में किसने अंकित किया?

A) सूदन B) भूषण C) लालकवि D) जोधराज

16. 'अब्र' नाम से उर्दु में कविताएँ लिखनेवाले हिन्दी के कवि

A) प्रतापनारायण मिश्र B) अंबिकादत्त व्यास
C) राधाकृष्ण दास D) प्रेमघन

17. भारतेन्दु कृत 'नाट्य रासक' का नाम क्या है ?

A) भारत-दुर्दशा B) नीलदेवी
C) सती-प्रताप D) विषस्य विषमौषधम

18. ''उपनूं ए केवल नाण तउ विरहइ रिसहे सिउ ए।
अविउ ए भरह नरिन्द सिउं अवधापुरि ए।। --- ये किसकी पंक्तियाँ हैं?

A) सरहपाद B) शालिभद्र सूरी
C) देवसेन D) पुष्पदंत

19. इनमें कौन-सी रचना डोंबिपा रचित नहीं है?

A) योगचर्या B) डोम्बिगीतिका
C) अक्षरद्विकोपदेश D) चर्यापद

20. ''धीर वह है, जिसका चित्त विकार-साधन होने पर भी विकृत नहीं होता।'' यह किसका मत है?

A) गोरखनाथ B) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
C) रामचन्द्र शुक्ल D) गोकुलदास

21. 'प्रसंगपारिजात' किस भाषा की कृति है ?

A) लहंदा B) पैशाची C) अवधी D) भोजपुरी

22. 'बिरनुई' संप्रदाय के प्रवर्तक कौन है?

A) नानक देव B) रैदास C) अनंतदास D) जम्भनाथ

23. 'ज्ञान समुद्र' किसकी रचना है?

A) सुंदर दास B) मलूक दास C) बाबा लाल D) दादु दयाल

24. 'मृगावती' की रचना किस साल में हुई?

A) 1501 B) 1503 C) 1527 D) 1540

25. किस कवि ने श्री कृष्ण को ब्रजेन्द्रकुमार कहा है?

A) स्वामी हरिदास B) निम्बार्काचार्य

C) चैतन्य महाप्रभु D) रामानुजाचार्य

26. नंददास की किस रचना के मंगलाचरण में शुद्धाद्वैत संबंधी दार्शनिक विचारों को प्रकट किया गया है?

A) रस मंजरी B) रूप मंजरी

C) रास पंचाध्यायी D) अनेकार्थ मंजरी

27. इनमें कौन-सी रचना मतिराम कृत नहीं है?

A) रस विलास B) रसराज

C) वृत्त कौमुदी D) अलंकार पंचशिका

28. मातृभूमि को 'सगुण मूर्ति सर्वेश की' माननेवाले कवि कौन है?

A) मैथिली शरण गुप्त B) माखनलाल चतुर्वेदी

C) रामनरेश त्रिपाठी D) बालमुकुंद गुप्त

29. इनमें कौन-सी रचना रामकुमार वर्मा कृत नहीं है?

A) आकाशगंगा B) निशीथ C) रूपराशि D) युगदीप

30. निम्नलिखित में से किस काव्य-संग्रह में उदयशंकर भट्ट की कविताएँ संगृहीत हैं?

A) अंतर्जगत B) अमृत और विष

C) अनुभूति D) अंतर्ध्वनि

31. भगवती चरण वर्मा का कौन-सा उपन्यास अपनी अश्रुपंकिल भावुकता के कारण पाठकों में काफी लोकप्रिय हुआ?

A) चित्रलेखा B) तीन वर्ष

C) अलग अलग रास्ते D) रेखा

32. आचार्य चतुरसेन शास्त्री की कौन-सी कहानी बंगला-कथाकार हरिसाधन मुखोपाध्याय की 'सेलिना बेगम' कहानी का रूपांतर सिद्ध हो चुकी है?

A) दुखवा मैं कासों कहूँ मोरी सजनी B) अंबपालिका

C) बावर्चिन D) हल्दीघाटी में

33. 'बाहुबली' किसकी कहानी है?

A) विनोद शंकर व्यास B) जैनेन्द्र

C) राय कृष्णदास D) पांडेय बेचन शर्मा उग्र

34. 'फिर निराशा क्यों' किसके द्वारा रचित निबंध संग्रह है?

A) गुलाबराय B) शांतिप्रिय द्विवेदी

C) शिवपूजन सहाय D) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

35. ''अर्थ-वैचित्र्य और भाषा-शैली का नूतन विकास जैसा कहानियों के भीतर प्रकट हुआ है, वैसा निबंध के क्षेत्र में नहीं देखने में आ रहा है।'' किसका कथन है ?

A) नामवर सिंह B) शुक्लजी

C) श्यामसुन्दरदास D) रमाशंकर शुक्ल रसाल

36. हरिकृष्ण प्रेमी कृत 'स्वर्ण-विहान' किस प्रकार की रचना है?

A) प्रहसन B) गीतिनाट्य C) एकांकी D) नाटक

37. 'पूर्णा' प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है?

A) रंगभूमि B) कर्मभूमि C) प्रतिज्ञा D) कायाकल्प

38. 'पंत और पल्लव' किसकी रचना है?

A) नंददुलारे वाजपेयी B) निराला

C) शांतिप्रिय द्विवेदी D) डॉ. नगेन्द्र

39. ''कृष्णधर्मा मैं'' किसके द्वारा रचित कविता संकलन है ?

A) कात्यायनी B) अनामिका C) सुनीता जैन D) प्रभा खेतान

40. इनमें से कौन-सा नाटक लक्ष्मीनारायण लाल कृत नहीं है ?

A) सूर्यमुख B) सुंदररस C) नया समाज D) सूखा सरोवर

41. जगन्नाथप्रसाद मिलिंद कृत बुद्धिवाद से प्रेरित समस्यामूलक सामाजिक नाटक कौन-सा है ?

A) समर्पण B) क्रांतिकारी C) उद्धार D) बंधन

42. ज्ञानदेव अग्निहोत्री के किस नाटक में चीनी आक्रमण के प्रतिरोध में आदिवासियों के संघटन और गुरिल्ला युद्ध-पद्धति की सार्थकता सिद्ध की गयी है ?

A) शुतुरमुर्ग B) नेफा की एक शाम

C) माटी जागी रे D) वतन की आबरू

43. 'देवयानी का कहना है' किस विधा की रचना है ?

A) कविता B) कहानी C) संस्मरण D) नाटक

44. पौराणिक संदर्भ को लेकर लिखित 'दशरथ नंदन' नाटक के रचयिता कौन है ?

A) विष्णु प्रभाकर B) धर्मवीर भारती

C) जगदीशचंद्र माथुर D) उपेन्द्रनाथ अश्क

45. अपने किस नाटक को कृष्ण बलदेव वैद ने 'विडंबना' नाटक कहा है ?

A) भूख आग है B) हमारी बुढ़िया

C) परिवार अखाडा D) सवाल और स्वप्न

46. झूठ बोलनेवाले लोग बेईमान होते हैं । रेखांकित अंश कौन-सा पदबंध है ?

A) संज्ञा पदबंध B) सर्वनाम पदबंध

C) विशेषण पदबंध D) क्रिया-विशेषण पदबंध

47. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विकारी शब्द नहीं है ?

A) संज्ञा B) सर्वनाम C) क्रिया D) क्रिया-विशेषण

48. ‘अखबार’ शब्द किस भाषा का है?

A) तुर्की B) फारसी C) अरबी D) अंग्रेज़ी

49. निम्नलिखित में अविकारी शब्द कौन-सा है?

A) लड़का B) पुस्तक C) तेज D) अलमारी

50. इनमें मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?

A) पानी गिरा और पुस्तक गीली हो गयी ।

B) दादाजी आकर टेलीविज़न देखने लगे ।

C) नीतू ने कविता लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया ।

D) सेठ जानता है कि नौकर ईमानदार है ।

51. ‘स्वागत’ का सन्धि विच्छेद किस प्रकार है?

A) स्व + आगत B) स्वा + गत

C) सु + आगत D) सु + वागत

52. ‘सत्याग्रह’ में प्रयुक्त समास कौन-सा है?

A) तत्पुरुष B) कर्मधारय C) द्वन्द्व D) अव्ययीभाव

53. ‘आँखें दिखाना’ मुहावरा का अर्थ क्या है?

A) बदल जाना B) क्रोध से देखना

C) धोखा देना D) सामने न आना

54. इनमें पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

A) थाली B) घास C) गिलहरी D) बिच्छू

55. मैं गंदगी से घृणा करता हूँ । रेखांकित शब्द कौन-सा कारक है?

A) करण कारक B) संप्रदान कारक

C) अपादान कारक D) अधिकरण कारक

56. 'धकियाना' किस प्रकार की क्रिया है?

A) नामधातु क्रिया
B) प्रेरणार्थक क्रिया
C) संयुक्त क्रिया
D) पूर्वकालिक क्रिया

57. इनमें भाववाच्य का उदाहरण कौन सा है?

A) रमेश से रोटी खायी जाती है।
B) लड़कों से अपना कार्य किया जाएगा।
C) सुशीला से गीत गाया गया।
D) हमसे उनका दुख नहीं देखा जाता ।

58. 'हाय फूल-सी कोमल बच्ची' में कौन-सा अलंकार है?

A) यमक
B) उपमा
C) रूपक
D) श्लेष

59. मुकुटधर पांडेय का छायावाद शीर्षक निबंध किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ?

A) श्री शारदा
B) माधुरी
C) हितवाणी
D) सरस्वती

60. संविधान के किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों की भाषा का प्रावधान है?

A) अनुच्छेद 343
B) अनुच्छेद 344
C) अनुच्छेद 345
D) अनुच्छेद 348

61. वैज्ञानिक तथा तकनीकी आयोग की स्थापना कब हुई?

A) 1960
B) 1961
C) 1965
D) 1966

62. 'आम के आम गुठलियों के दाम' -- लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

A) लाभ
B) हानि
C) दोहरा लाभ
D) दोहरी हानि

63. इनमें कौन-सा विद्वान रस विरोधी है?

A) लोल्लट
B) रुद्रभट्ट
C) अभिनव गुप्त
D) भामह

64. शंकुक के अनुसार भरतमुनि के रससूत्र में आये 'संयोग' शब्द का अर्थ क्या है?

A) अनुमान B) संसर्ग

C) भावक भाव संबंध D) व्यंग्य-व्यंजक भाव

65. रस को आनन्द स्वरूप किसने माना?

A) भरतमुनि B) भट्टनायक C) अभिनवगुप्त D) शंकुक

66. 'देश व्याकुल है' वाक्य किस शब्द-शक्ति का उदाहरण है?

A) शुद्धा लक्षणा B) रूढ़ा लक्षणा

C) गौणी लक्षणा D) सारोपा लक्षणा

67. ध्वनि सिद्धांत का प्रबल विरोधी कौन है?

A) विश्वनाथ B) मम्मट C) महिम भट्ट D) आनन्दवर्धन

68. किसने कल्पना को नैतिक शक्ति माना है ?

A) शेली B) कीट्स C) वड्र्सवर्थ D) कॉलरिज

69. स्वच्छन्दतावाद की अत्यंत प्रमुख प्रवृत्ति कौन सी है?

A) व्यक्तिवाद B) सौन्दर्यवाद C) अतिकल्पना D) प्रकृतिवाद

70. अभिव्यंजना सिद्धांत का प्रवर्तक क्रोचे कहाँ का निवासी था?

A) इटली B) फ्रांस C) यूनान D) जर्मनी

71. 'विष्कम्भक' की कल्पना किसमें की जाती है?

A) कहानी B) नाटक C) उपन्यास D) काव्य

72. किसकी प्रतिभा को 'भावयित्री प्रतिभा' कहा गया है?

A) कवि B) आलोचक C) निबंधकार D) सहृदय

73. "अर्थ को बनाए रखते हुए अन्य भाषा में अंतरण करना" -- अनुवाद के संबंध में यह किसकी परिभाषा है?

A) ए.एच.स्मिथ B) कैटफोर्ड

C) डॉ.जी.गोपीनाथन D) नायडा

74. ‘अनुवाद : सोच और संस्कार’ किसकी रचना है?

A) डॉ.एन.ई.विश्वनाथ अय्यर  B) कैलाश चंद्र भाटिया
C) भोलानाथ तिवारी  D) डॉ. जी. गोपीनाथन

75. ‘प्रतीकांतर’ किसे कहते हैं?

A) अंतः भाषिक अनुवाद  B) अंतर भाषिक अनुवाद
C) अंतर प्रतीकात्मक अनुवाद  D) भाषांतर

76. “मेरे प्रिय को मेघ मानकर,
शिखी नाचते थे आकर” -- उक्त काव्य पंक्तियों में सही अलंकार कौन-सा है?

A) भ्रान्तिमान  B) सन्देह  C) निदर्शना  D) विभावना

77. लोंजाइनस ने किसे उदात्त शैली के लिए सर्वथा त्याज्य माना है?

A) कल्पना  B) अलंकारों का सम्यक प्रयोग
C) अति संक्षिप्तता  D) उपयुक्त शब्द चयन

78. निर्मलवर्मा के किस उपन्यास में आपातकाल का चित्रण है?

A) वे दिन  B) लालटीन की छत
C) रात का रिपोर्टर  D) एक चिथडा सुख

79. ‘चंदा’ किस उपन्यास का पात्र है?

A) सूरजमुखी अंधेरे के  B) एक प्यासा तालाब
C) उतरती धूप  D) गोबर गणेश

80. इनमें स्वतंत्र भारत में व्याप्त भ्रष्टाचार से संबद्ध नाटक कौन-सा है?

A) घाटियाँ गूँजती है  B) सुबह के घंटे
C) खंडित यात्रायें  D) न्याय की रात

81. इनमें कौन-सा नाटक मुद्राराक्षस कृत नहीं है?

A) गुफ़ाएँ  B) संतोला  C) तिलचट्टा  D) तमाशा

82. रेल दुर्घटना में अपने पुत्र की दुखद मृत्यु पर विवेकीराय द्वारा लिखित उपन्यास कौन-सा है?
   A) समर शेष है
   B) देहरी के पार
   C) मंगल भवन
   D) अमंगलहारी

83. इनमें कौन-सा कहानी-संग्रह मिथिलेश्वर कृत नहीं है?
   A) गाँव के लोग
   B) एक में अनेक
   C) प्रेतमुक्ति
   D) तिरिया जनम

84. 'रिपोर्ताज' किस भाषा का शब्द है?
   A) ग्रीक
   B) स्पानिष
   C) फ्रांसीसी
   D) चीनी

85. 'वटवृक्ष की छाया में' किसके जीवन पर आधारित ग्रंथ है?
   A) अमृतलाल नागर
   B) रामचन्द्र शुक्ल
   C) राहुल सांकृत्यायन
   D) रांगेय राघव

86. 'हादसे' किसकी आत्मकथा है?
   A) पद्मा सचदेव
   B) रमणिका गुप्त
   C) कृष्णा अग्निहोत्री
   D) कुसुम अंसल

87. 'पौरुषेय रामायण' किसकी रचना है?
   A) प्राणचंद चौहान
   B) हृदयराम
   C) नरहरी बारहट
   D) नाभादास

88. 2002 में प्रकाशित 'कवि निकष' किसकी आलोचनात्मक रचना है?
   A) विजयदेव नारायण साही
   B) अज्ञेय
   C) कृष्णदत्त पालीवाल
   D) सत्येंद्र तनेजा

89. निम्न लिखित उक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|
| **क**. इस करुणा कलित हृदय में अब विकल रागिणी बजती | -- | 1. सोहनलाल द्विवेदी |
| **ख**. पाकर तुझ से सभी सुखों को हमने भोगा | -- | 2. महादेवी |
| **ग**. जलते नभ में देख असंख्यक स्नेहहीन नित कितने दीपक | -- | 3. प्रसाद |
| **घ**. तुम बोल उठे, युग बोल उठा, तुम मौन बने युग मौन बना | -- | 4. मैथिली शरण गुप्त |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

90. निम्नलिखित ग्रंथों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | सूची 1 | | | सूची 2 |
|---|---|---|---|---|
| **क**. | घनानंद | -- | 1. | रस प्रबोध |
| **ख**. | पद्माकर | -- | 2. | रस रहस्य |
| **ग**. | कुलपति मिश्र | -- | 3. | प्रबोध पचासा |
| **घ**. | रसलीन | -- | 4. | इश्कलता |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

91. निराला रचित निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम कौन-सा है?

A) अनामिका, परिमल, गीतिका, तुलसीदास

B) गीतिका, परिमल, अनामिका, तुलसीदास

C) परिमल, गीतिका, तुलसीदास, अनामिका

D) परिमल, अनामिका, तुलसीदास, गीतिका

92. निम्नलिखित शब्दों तथा वाक्यांशों को सुमेलित कीजिए ।

| **सूची 1** | | | **सूची 2** |
|---|---|---|---|
| **क**. अनुपम | -- | 1. | जिसे कोई न जीत सके |
| **ख**. अस्पृश्य | -- | 2. | जिसके समान दूसरा न हो |
| **ग**. अनश्वर | -- | 3. | जिसको छूना वर्जित हो |
| **घ.** अजेय | -- | 4. | जो कभी नष्ट न हो |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

93. **स्थापना (Assertion) - (A)** : पारिभाषिक शब्द की पहली विशेषता उच्चारण की दृष्टि से उसका सरल होना है ।

**तर्क (Reason) - (R)** : प्रयोक्ता के लिए पारिभाषिक शब्द के प्रयोग में किसी प्रकार की हिचकिचाहट या परेशानी का अनुभव न हो ।

A) A सही और R गलत B) A गलत और R सही

C) A और R दोनों सही D) A और R दोनों गलत

94. **स्थापना (Assertion) - (A)** : कविता ही मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य की भावभूमि पर ले जाती है ।

**तर्क (Reason) - (R)** : क्योंकि कविता मानव के हृदय को व्यापक नहीं बनाती ।

A) A और R दोनों सही B) A और R दोनों गलत

C) A सही और R गलत D) A गलत और R सही

95. **स्थापना (Assertion) – (A)** : चिन्तन की अपेक्षा कर्म सत्य के अधिक समीप होता है ।
**तर्क (Reason) –** **( R)**: क्योंकि कर्म में सक्रियता और व्यावहारिकता होती है ।

A) A और R दोनों सही B) A और R दोनों गलत
C) A सही और R गलत D) A गलत और Rसही

96. निम्न लिखित कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| **सूची 1** | | **सूची 2** |
|---|---|---|
| **क.** रतनबावनी | -- | 1. ईश्वरदास |
| **ख.** कवित्त रत्नाकर | -- | 2. अग्रदास |
| **ग.** सत्यवती कथा | -- | 3. सेनापति |
| **घ.** रामाष्टयाम | -- | 4. केशवदास |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

97. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों को उनके समानार्थी हिन्दी शब्दों के साथ सुमेलित कीजिए।

| **सूची 1** | | **सूची 2** |
|---|---|---|
| **क.** Custodian | -- | 1. प्राधिकार |
| **ख.** Legislator | -- | 2. भारसाधक |
| **ग.** Authority | -- | 3. अभिरक्षक |
| **घ.** Incharge | -- | 4. विधायक |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

98. **स्थापना (Assertion) – (A)** : कलामात्र के लिए वही साहित्य हो सकता है जो विचारशून्य हो।
**तर्क (Reason) – (R)** : क्योंकि कला विचारों से पलायन है ।

A) A और R दोनों सही
B) A और R दोनों गलत
C) A सही और R गलत
D) A गलत और R सही

99. निम्नलिखित आचार्यों तथा सिद्धांतों को सुमेलित कीजिए ।

| **सूची 1** | | **सूची 2** |
|---|---|---|
| **क.** भट्ट लोल्लट | -- | 1. भुक्तिवाद |
| **ख.** शंकुक | -- | 2. अभिव्यक्तिवाद |
| **ग.** भट्टनायक | -- | 3. उत्पत्तिवाद |
| **घ.** अभिनव गुप्त | -- | 4. अनुमितिवाद |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

100. **स्थापना (Assertion - A)** : बिंब में अर्थ की संभावना निहित होती है।
**तर्क (Reason - R)** : क्योंकि अर्थ हमेशा निश्चित होता है।

A) A सही और R गलत
B) A गलत और R सही
C) A और R दोनों सही
D) A और R दोनों गलत

101. निम्नलिखित उक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| **क.** | दशरथ सुत तिहु लोक बखाना<br>राम नाम का मरम है आना | -- | 1. मलूकदास |
| **ख.** | जाके प्रिय न राम वैदेही<br>सो नर तजिए कोटि वैरीसम यद्यपि परम सनेही | -- | 2. कुंभनदास |
| **ग.** | अजगर करे न चाकरी पंछी करे न काम | -- | 3. कबीरदास |
| **घ.** | संतन को कहा सीकरी सो काम आवत जात<br>पनहियाँ टूटी बिसरी गयो हरि नाम | -- | 4. तुलसीदास |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

102. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों के सही अनुक्रम बताइए ।

A) झलमला, प्रतिध्वनि, किनारे से किनारे तक, एक अपवित्र पेड

B) प्रतिध्वनि, झलमला, एक अपवित्र पेड, किनारे से किनारे तक

C) किनारे से किनारे तक, झलमला, एक अपवित्र पेड, प्रतिध्वनि

D) प्रतिध्वनि, किनारे से किनारे तक, एक अपवित्र पेड, झलमला

103. **स्थापना (Assertion - A)** : समाजवादी यथार्थवाद में नवीन आस्था, विश्वास और सृजन की अभिव्यक्ति होती है।

**तर्क (Reason - R)** : इसका स्वर गहन आशावाद का होता है ।

A) A सही और R गलत

B) A गलत और R सही

C) A और R दोनों सही

D) A और R दोनों गलत

104. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों के सही अनुक्रम बताइए ।

A) सोया हुआ जल, हृदय की प्यास, चक्करदार चोरी, नई इमारत

B) चक्करदार चोरी, हृदय की प्यास, नई इमारत, सोया हुआ जल

C) नई इमारत, हृदय की प्यास, सोया हुआ जल, चक्करदार चोरी

D) हृदय की प्यास, चक्करदार चोरी, सोया हुआ जल, नई इमारत

105. निम्नलिखित वैज्ञानिक पत्रिकाएँ तथा उनके प्रकाशन स्थलों का सही मिलान कीजिए ।

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| **क.** | विज्ञान | -- | 1. दिल्ली |
| **ख.** | वैज्ञानिक | -- | 2. पंत नगर |
| **ग.** | किसान भारती | -- | 3. प्रयाग |
| **घ.** | विज्ञान भारती | -- | 4. मुंबई |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

106. निम्नलिखित संस्मरणों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|---|
| **क.** | औरें के बहाने | -- | 1. रामदरश मिश्र |
| **ख.** | युग पुरुष | -- | 2. राजेन्द्र यादव |
| **ग.** | लौट जाओ धार | -- | 3. रामेश्वर शुक्ल अंचल |
| **घ.** | पड़ोस की खुशबू | -- | 4. दूधनाथ सिंह |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

107. निम्नलिखित निबंध संग्रहों तथा उनके रचनाकारों को सुमेलित कीजिए ।

| **सूची 1** | | **सूची 2** |
|---|---|---|
| **क.** ठेले पर हिमालय | -- | 1. निर्मल वर्मा |
| **ख.** आस्था और चिंतन | -- | 2. कुबेरनाथ राय |
| **ग.** आदि अंत और आरंभ | -- | 3. धर्मवीर भारती |
| **घ.** प्रिया नीलकंठी | -- | 4. विवेकीराय |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

108. विष्णु प्रभाकर के यात्रावृत्तों को कालक्रम के अनुसार लिखिए ।

A) राह चलते-चलते, ज्योतिपुंज हिमालय, आकाश एक है, हिम शिखरों की छाया में ।

B) आकाश एक है, ज्योतिपुंज हिमालय, हिम शिखरों की छाया में, राह चलते-चलते ।

C) ज्योतिपुंज हिमालय, राह चलते-चलते, हिम शिखरों की छाया में, आकाश एक है ।

D) आकाश एक है, हिम शिखरों की छाया में, ज्योति पुंज हिमालय, राह चलते-चलते ।

109. निम्नलिखित आत्मकथाओं तथा रचनाकारों को सुमेलित कीजिए ।

| **सूची 1** | | **सूची 2** |
|---|---|---|
| क. आत्मपरिचय | -- | 1. राम विलास शर्मा |
| ख. अपनी धरती अपने लोग | -- | 2. वीरेन्द्र सक्सेना |
| ग. क्रम और व्युत्क्रम | -- | 3. विष्णु प्रभाकर |
| घ. मुक्त गगन में | -- | 4. फणीश्वरनाथ रेणु |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

110. निम्नलिखित कहानी संग्रहों तथा उनके रचनाकारों को सुमेलित कीजिए ।

| सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|
| **क.** सहमे हुए | -- | 1. जगदीश चतुर्वेदी |
| **ख.** वल्दरोजी | -- | 2. गोविन्द मिश्र |
| **ग.** आदिम गंध | -- | 3. महीप सिंह |
| **घ.** खुद के खिलाफ | -- | 4. गिरिराज किशोर |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

111. सुमेलित कीजिए

| सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|
| **क.** भारत भूषण अग्रवाल | -- | 1. चौथा सप्तक |
| **ख.** नंद किशोर आचार्य | -- | 2. प्रथम सप्तक |
| **ग.** मदन वात्स्यायन | -- | 3. दूसरा सप्तक |
| **घ.** भवानीप्रसाद मिश्र | -- | 4. तीसरा सप्तक |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

112. प्रमुख संप्रदाय तथा उनके प्रवर्तकों को सुमेलित कीजिए ।

| **सूची 1** | | **सूची 2** |
|---|---|---|
| **क.** सनक संप्रदाय | -- | 1. विष्णु स्वामी |
| **ख.** रामावत संप्रदाय | -- | 2. रामानुज |
| **ग.** रुद्र संप्रदाय | -- | 3. रामानंद |
| **घ.** श्री संप्रदाय | -- | 4. निम्बार्क |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

113. **स्थापना (Assertion) – (A)** : काव्य का सत्य असाधारण होता है।
**तर्क** **(Reason) – (R)** : क्योंकि वह सामान्य सत्य से मिलता है ।

A) A और R दोनों सही
B) A और R दोनों गलत
C) A सही और R गलत
D) A गलत और R सही

114. **स्थापना (Assertion) – (A)** : भाव और ज्ञान में प्रस्थान बिन्दु अवश्य भिन्न है, पर दोनों का लक्ष्य बिन्दु एक ही है।
तर्क **(Reason) – (R)** : भाव का संबंध हृदय से है और ज्ञान का संबंध बुद्धि से, अतः दोनों एक दूसरे के विरोधी है ।

A) A सही और R गलत
B) A गलत और R सही
C) A और R दोनों सही
D) A और R दोनों गलत

115. सुमेलित कीजिए ।

| | **सूची 1** | | **सूची 2** |
|---|---|---|---|
| **क.** | पीपर पात सरिस मन डोला । | -- | 1. असंगति |
| **ख.** | चरण-कमल बन्दौ हरिराई । | -- | 2. विरोधाभास |
| **ग.** | दृग उरझत टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति । | -- | 3. उपमा |
| **घ.** | ज्यों-ज्यों बूढ़े स्याम रंग त्यों-त्यों उज्ज्वल होइ । | -- | 4. रूपक |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

116. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित एकांकियों का सही कालक्रम कौन-सा है?

A) विषकन्या, बादल की मृत्यु, मेरी बाँसुरी, अशोकवन

B) बादल की मृत्यु, मेरी बाँसुरी, अशोकवन, विषकन्या

C) अशोकवन, मेरी बाँसुरी, विषकन्या, बादल की मृत्यु

D) मेरी बाँसुरी, विषकन्या, अशोकवन, बादल की मृत्यु

117. इलाचन्द्र जोशी के उपन्यासों का सही कालक्रम कौन-सा है?

A) मुक्तिपथ, भूत का भविष्य, पर्दे की रानी, प्रेत और छाया

B) भूत का भविष्य, मुक्ति पथ, प्रेत और छाया, पर्दे की रानी

C) प्रेत और छाया, पर्दे की रानी, भूत का भविष्य, मुक्ति पथ

D) पर्दे की रानी, प्रेत और छाया, मुक्ति पथ, भूत का भविष्य

118. निम्नलिखित मुहावरों का उसके अर्थों के साथ सही मिलान कौन-सा है?

| सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|
| **क.** खाक छानना | -- | 1. बात न सुनना |
| **ख.** कान में तेल डालना | -- | 2. मार डालना |
| **ग.** घुटने टेकना | -- | 3. भटकना |
| **घ.** काम तमाम करना | -- | 4. पराजय स्वीकार करना |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

119. सुमेलित कीजिए ।

| सूची 1 | | सूची 2 |
|---|---|---|
| **क.** आजन्म | -- | 1. तत्पुरुष समास |
| **ख.** विद्याधन | -- | 2. द्विगु समास |
| **ग.** शताब्दी | -- | 3. कर्मधारय समास |
| **घ.** शरणागत | -- | 4. अव्ययीभाव समास |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

120. सुमेलित कीजिए ।

| | **<u>सूची 1</u>** | | | **<u>सूची 2</u>** |
|---|---|---|---|---|
| **क.** | यथार्थ | -- | 1. | वृद्धि संधि |
| **ख.** | राजेंद्र | -- | 2. | यण संधि |
| **ग.** | अत्यंत | -- | 3. | गुण संधि |
| **घ.** | मतैक्य | -- | 4. | दीर्घ संधि |

| | **क** | **ख** | **ग** | **घ** |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| D) | 2 | 3 | 4 | 1 |